# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 259 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3




परियोजनाओं को पूरा करना मोदी के विकास मॉडल की पहचान-पेज-12










आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977


# देश की सुरक्षा का सवाल, सीएए नहीं लिया जाएगा वापस

**● ममता राष्ट्रीय सुरक्षा पर राजनीति कर रहीं, उन्हें घुसपैठियें और शरणार्थियों का अंतर नहीं पता**

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू कर दिया है। इस बीच अब अमित शाह ने कहा कि सीएए कानून कभी वापस नहीं लिया जाएगा। हमारे देश में भारतीय नागरिकता सुनिश्चित करना ये भारत का विषय है और भारत की संप्रभुता का निर्णय है, हम इससे कभी समझौता नहीं करेंगे। शाह ने सीएए का विरोध कर रही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर कहा कि उन्हें शरणार्थियों और घुसपैठियों के बीच अंतर नहीं पता। गृह मंत्री ने कहा कि मैं ममता बनर्जी से अपील करता हूं कि राजनीति करने के लिए कई और मुद्दे भी हैं। कृपया बांग्लादेश से आने वाले बंगाली हिंदुओं का विरोध न करें। आप भी एक बंगाली हैं। ममता बनर्जी ने कहा था कि वो सीएए को लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने बंगाल के लोगों से भी अपील की कि सिटिजनशिप के लिए अप्लाय ना करें। ऐसा करने से वे अवैध प्रवासियों की लिस्ट में आ जाएंगे और उनके अधिकार छीन लिए जाएंगे। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति कर रही हैं और लोग उनका साथ नहीं देंगे। मैं ममता बनर्जी को चैलेंज करता हूं कि वे बताएं इस एक्ट का कौन सा नियम किसी की नागरिकता छीन रहा है। वो सिर्फ वोट बैंक के लिए हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच दूरी और



डर बना रही हैं। मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि वे पब्लिक प्लेटफॉर्म पर आएं और बताएं कि उन्हें और उनकी पार्टी को सीएए से क्या परेशानी है। वे क्यों इसका विरोध कर रहे हैं। राजनीति में आपको अपने फैसलों के पीछे का कारण बताना पड़ता है। अगर सीएए मेरी सरकार का फैसला है तो मुझे बताना होगा कि मेरी पार्टी का इस पर क्या स्टैंड है और ये देशहित में कैसे है। ऐसे ही आपको अपने विरोध का कारण बताना चाहिए।

शाह ने इस पर कहा कि केजरीवाल को यह नहीं पता कि ये लोग पहले ही हमारे देश में शरणार्थी हैं। ये भारत में रह रहे हैं। ये वो लोग हैं, जो 2014 से पहले से यहां रह रहे हैं और ऐसे ही लोगों को नागरिकता मिलेगी और अगर केजरीवाल इतने ही परेशान हैं तो वो बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते हैं। रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते। क्या वो लोग हमारे रोजगार नहीं ले रहे हैं? केजरीवाल केवल जैन, बौद्ध और पारसी अल्पसंख्यकों की बात कर रहे हैं। विभाजन के बाद ये लोग लाखों की संपत्ति छोड़कर यहां आए हैं। हम उनकी समस्याएं क्यों नहीं सुनेंगे? जो लोग भारत आए हैं, उन्होंने देश के विभाजन का फैसला नहीं लिया था। ये कांग्रेस का फैसला था। कांग्रेस ने उन लोगों से नागरिकता का वादा किया था। अब वो अपने वादे से पीछे हट रही है। गृह मंत्री ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का कोई राजनीतिक खेल नहीं है। हमारे नेता मोदीजी और हमारी सरकार का दायित्व है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए लोगों को बराबर अधिकार दें। ऐसे लोग हमारे देश में शरणार्थियों की तरह रह रहे हैं।

# अयोध्या के आतिथ्य सेवा से देश अभिभूत

**● 1090 करोड़ की योजनाओं की सौगात**

**अयोध्या (स्पष्ट आवाज)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक लाखों लोग अयोध्या आकर भगवान श्रीराम के बालरूप का दर्शन कर रहे हैं। आज पूरा देश अयोध्यावासियों के आतिथ्य से अभिभूत है। हमने पहले जिले का नाम अयोध्या किया अब मंडल का नाम भी अयोध्या हो गया है। ये सब प्रभु श्रीराम की प्रेरणा से हुआ। वो कहते थे कि रामलला को आना है पहले नाम तो सही कर लो।

सीएम योगी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में हर रोज श्रद्धालु आ रहे हैं। आज अयोध्या दोगुना रफ्तार से तरक्की कर रही है। व्यवसाय बढ़ रहा है। यह सब प्रभु श्रीराम की प्रेरणा से हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में 1090 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ साकेत महाविद्यालय हेलीपैड से सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानगढ़ी के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन का हाल हाल-चाल जाना। इससे पहले 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, 23 जनवरी को व्यवस्थाओं का जायजा लेने व 11 फरवरी को कैबिनेट संग दर्शन-पूजन के बाद 14 मार्च को विकास परियोजनाओं की सौगात देने सीएम योगी अयोध्या पहुंचे।

बता दें कि मुख्यमंत्री जी का मार्च माह का पहला दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में अधिकारियों से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

# सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार नए चुनाव आयुक्त


**● सरकार ने पहले से तय कर रखे हैं चुनाव आयुक्तों के नाम : अधीर रंजन**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग में खाली चुनाव आयुक्तों के 2 पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार को चुनाव आयुक्त चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में चुनाव आयोग में खाली आयुक्तों के दो पदों के लिए आज यहां प्रधानमंत्री निवास में एक



महत्वपूर्ण बैठक में दो नामों पर सहमति कायम हो गयी है और जल्द ही उनकी नियुक्ति के औपचारिक आदेश जारी हो जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री अमित शाह एवं लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी इस बैठक में उपस्थित थे। चुनाव आयुक्त के चयन के लिए चयन समिति की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने समिति में सरकार के पास बहुमत है और पंजाब से सुखबीर सिंह संधू और केरल से ज्ञानेश कुमार गुप्ता को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना गया है। इनके नियुक्ति के आदेश शीघ्र ही जारी किये जाने की संभावना है। चौधरी ने बातचीत में चुनाव आयुक्तों की चयन प्रक्रिया पर सवाल भी खड़े किये। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके (सरकार के) पास (चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति में) बहुमत है। इससे पहले, उन्होंने मुझे 212 नाम दिए थे। लेकिन नियुक्ति से 10 मिनट पहले उन्होंने मुझे फिर से सिर्फ छह नाम दिए। मुझे पता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश वहां (समिति में ) नहीं हैं, सरकार ने ऐसा कानून बनाया है कि मुख्य न्यायाधीश हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं और केंद्र सरकार एक अनुकूल नाम चुन सकती है।

## संक्षिप्त आवाज़



### सेंसेक्स-निफ्टी में तेजी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत 19 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी पिछले दिवस की भारी गिरावट से उबरकर आज आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 335.39 अंक मजबूत होकर 73,097.28 अंक पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 148.95 अंक की तेजी के साथ 22,146.65 अंक पर रहा।

### ममता को फिर लगी चोट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक बार फिर गंभीर चोट आई है। गुरुवार को अचानक वह गिर गईं, जिसके बाद उनके माथे (ललाट) पर कट लग गया। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की ओर से एक उनकी घायलावस्था में फोटो जारी की गई है, जिसमें अस्पताल के बेड पर ममता बनर्जी लेटी हुई हैं और उनके सिर से खून की एक धार गिरकर सूख गई है। पार्टी के सूत्रों ने बताया है कि घर पर ट्रेड मिल पर वॉक करते समय वह अचानक गिर गई हैं, जिसकी वजह से उन्हें चोट लगी है। जब यह घटना हुई तब अभिषेक बनर्जी ममता बनर्जी के घर पर ही मौजूद थे।

## सोनिया से मिले दानिश अली, अमरोहा से लड़ सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित लोकसभा सदस्य दानिश अली ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात की। बताया जाता है कि वह अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। अली ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश की अमरोहा सीट से लोकसभा में अपनी दूसरी पारी के लिए सोनिया गांधी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अमरोहा से लोकसभा में अपनी दूसरी पारी के लिए त्याग की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी जी का आशीर्वाद पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आया तो किसानों की आवाज बनेगा

**नासिक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया)अगर सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज़ बनेगा और ऐसी नीतियां बनाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सकें। वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। उन्होंने किसानों के लिए ऋण माफी, किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के पुनर्गठन, निर्यात आयात नीतियों के निर्माण में फसल की कीमतों की रक्षा करने और कृषि को जीएसटी से बाहर करने की कोशिश करने तथा सिर्फ एक कर पर काम करने वादा किया। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के कांग्रेस के वादे को भी दोहराया।



# कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी

**● 2029 में एकसाथ चुनाव कराने की सिफारिश**

**नई दिल्ली।** वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार (14 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। पैनल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति को 18,626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। इसमें कहा गया है कि रिपोर्ट 2 सितंबर 2023 को पैनल के गठन के बाद से हितधारकों और एक्सपर्ट्स परामर्श और 191 दिन के रिसर्च का नतीजा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक देश-एक चुनाव पर 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी। जिनमें से 32 ने पक्ष में और 15 विपक्ष में मत रखा है। एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का



कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने एक साथ चुनाव के हक में राय जाहिर की है। वहीं, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों-डीएमके, एनसीपी और टीएमसी ने इसका विरोध किया है। बीजद और एआईएडीएमके इसके समर्थन में हैं। समिति पिछले साल सितंबर में बनी थी। समिति ने कहा है कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, जिसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं। वहीं त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में शेष पांच साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।

कोविंद समिति ने कहा कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, इसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों संबंधी जरूरतों के लिए पहले से योजना बनाने की सिफारिश की।

## सरकार का एकमात्र उद्देश्य 'वन नेशन, नो इलेक्शन' : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश में एक साथ चुनाव कराए जाने से संबंधित समिति की रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे जाने के बाद गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार का मकसद सिर्फ 'वन नेशन, नो इलेक्शन' (एक राष्ट्र, कोई चुनाव नहीं) का है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि वह एक राष्ट्र, एक चुनाव के साथ संविधान को पूरी तरह बदल देना चाहती है। जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है। वह स्पष्ट बहुमत, दो-तिहाई बहुमत और 400 सीटों की मांग कर रहे हैं। वह एक राष्ट्र, एक चुनाव के उद्देश्य के लिए बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को पूरी तरह बदलना चाहते हैं।




# गांजा तस्करों की गुस्ताखी पर चला पुलिस का 'सुदर्शन'

## जाजमऊ में गांजा तस्कर राजा रब्बानी के घर सत्यापन करने गई थी पुलिस टीम





पुलिस आयुक्त कानपुर नगर अखिल कुमार द्वारा चलाये जा रहें ऑपरेशन सुदर्शन के तहत कार्यवाही के क्रम में कल थाना जाजमऊ पुलिस एक तस्कर के घर गई थी तस्कर के परिवार के सदस्यों द्वारा पुलिस पर हमला करने की कोशिश की गई और सरकारी कार्य में बाधा डाला जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोंग पंजीकृत करते हुए 03 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य व्यक्तियों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

**पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार**

- जाजमऊ प्रकरण में तीन आरोपी गए जेल, गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज जल्द बड़ी कार्रवाई के संकेत

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** बुधवार रात जाजमऊ पुलिस टीम जाजमऊ स्थित बुढ़िया घाट स्थित गांजा तस्कर राजा रब्बानी के घर सत्यापन के लिए गई थी। तभी आरोपी गांजा तस्कर ने परिवार के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

मौका पाकर गांजा तस्कर राजा रब्बानी मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल दरोगा राजन सिंह समेत दोनों सिपाहियो को घायल अवस्था में कांशीराम अस्पताल भेजा।

वहीं पुलिस ने घर की तीन महिलाओं को भी हिरासत में लिया है। पुलिस इस मामले को देर रात तक छिपाने में लगी रही। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया गांजा तस्कर के घर सत्यापन के लिए टीम गई थी। जहां पर महिलाओं ने हाथापाई की है। आरोपी राजा रब्बानी, उसके भाई गब्बर, मां अफसाना, पत्नी सना, रोशनी, सोना, शाहनवाज समेत 11 लोगों के खिलाफ सेवन सीएलए, मारपीट, बलवा की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की मां अफसाना, पत्नी सना, बहन सोना को गिरफ्तार कर लिया गया है। जाजमऊ बुढ़िया घाट निवासी राजा रब्बानी मादक पदार्थों खुलेआम तस्करी करता है।

कुछ समय पहले जेल से छूटा है। राजा रब्बानी की कई लोगों से बिक्री को लेकर सीधी दुश्मनी चलती है। जिसको लेकर कई बार गोलियां भी चल चुकी हैं। पूर्व में राजा को लेकर सोशल मीडिया में पत्र वायरल हुआ था। जिसमे एक दरोगा पर मादक पदार्थ बेचने के एवज में महीना 50 हजार देने के लिए लिखा था। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच की थी।

# एक फूल-दो माली के चक्कर में चली गोली

## चमनगंज फायरिंग प्रकरण में अवैध असलहा समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



**कानपुर।** बुधवार की रात चमनगंज में दो पक्षों में हुए विवाद ने भयानक रूप ले लिया पहले जमकर पथराव हुआ बाद में दोनों पक्षों से फायरिंग होने से इलाके में डर का माहौल बन गया। घटना की सूचना होने के बाद भारी फोर्स के साथ पुलिस ने मोर्चा संभाला था।

चमनगंज थाना क्षेत्र में स्थित मो. अली पार्क के पास बुधवार रात दो पक्षों में भारी तनाव देखने को मिला। दोनों पक्षों से लोग एक-दूसरे पर पथराव करते रहे। इसके बाद एक तरफ से फायरिंग भी शुरू हो गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया। क्षेत्रीय लोगों ने चार राउंड फायरिंग होने की बात कही थी। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर फायरिंग और पथराव करके शांतिभंग करने का आरोप है। इसके साथ ही एक युवती से बात करने पर बवाल छिड़ने की बात कही है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र: एक और मील का पत्थर



**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 'अपराध मुक्त कानपुर' की परिकल्पना करते हुए जिस 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' की शुरुआत की है। उस मशाल की लौ दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इस कड़ी में गुरुवार को एमकेयू लिमिटेड के चेयरमैन और फिक्की संगठन कानपुर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने शहर के पांच चौराहों को गोद लेने की सहमति प्रदान करते हुए 'त्रिनेत्र अम्बेस्डर महाभियान' में अहम भागीदारी निभाई।

# अजय कपूर के 'टाटा' के बाद 'अमिताभ' मजबूत विकल्प!

## लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए अमिताभ बाजपेई मजबूत चेहरा

**आशुतोष मिश्र 'रुद्र' / ( स्पष्ट आवाज )**

**कानपुर।** अजय कपूर की कांग्रेस से विदाई के बाद अब सपा-कांग्रेस गठबंधन लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल के सामने 'अंगद पांव' की चुनौती पेश करेगा। राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा, कहना मुश्किल होता है। लेकिन, राजनीतिक गलियारे से जो खबर सामने आ रही है। उसका इशारा आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई की तरफ है। सपा हो या कांग्रेस, कोई भी हैवीवेट नेता फिलहाल खुल कर तो कुछ भी बोलने को राजी नहीं है। लेकिन, दबे लब्जों में अमिताभ बाजपेई की सम्भावित दावेदारी से कोई मना भी नहीं कर रहा। ऐसे में मुमकिन है कि भाजपा के पत्ते खुलने से पहले या तुरंत बाद अमिताभ बाजपेई जैसे लोकप्रिय चेहरे को गठबंधन सामने ला सकता है। हालांकि, इसके लिए सपा को कांग्रेस की नाराजगी दूर करने के लिए किसी दूसरी अहम सीट पर कम्प्रोमाइज करना पड़ सकता है।

**दिल्ली तक जारी मैराथन...**

चुनावी समर में सच यह भी है कि अजय कपूर के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस के पुराने मजबूत नेता लखनऊ से लेकर दिल्ली तक टिकट के लिए मैराथन कर रहे हैं।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि अगर अमिताभ को सांसदी की टिकट मिलती है तो भाजपा के लिए जीत 'हलवा' नहीं होगी। अमिताभ की बेटर ईमेज और पब्लिक फ्रेंडली नेचर की वजह से फाइट तगड़ी होगी।

कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय कपूर के पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से कानपुर सीट पर प्रत्याशी को लेकर सपा-कांग्रेस गठबंधन में पुनर्विचार शुरू हो गया है। गठबंधन अब नये प्रभावशाली चेहरे की तलाश में है। समाजवादी पार्टी में यह मंथन शुरू हो गया है अजय कपूर के जाने से साफ है कि कानपुर संसदीय क्षेत्र में तीन विधायक और मेयर के चुनाव में सम्मानजनक वोट हासिल करने के कारण सपा का दायरा कांग्रेस से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यूपी में कांग्रेस के मनमुताबिक कोई अन्य सीट देकर सपा से ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने पर विचार चल रहा है। सपा के अंदरूनी सूत्र कहते हैं कि यह विकल्प पार्टी ने खुला रख छोड़ा है। सीट समायोजन से मामला सुलटाया जा सकता है। कानपुर संसदीय क्षेत्र में मुस्लिम और ब्राह्मण मिलाकर करीब सात लाख से ऊपर वोट है। ऐसे में उसके प्रत्याशी आर्यनगर से विधायक अमिताभ वाजपेयी हो सकते हैं।



सपा नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव में अजय को छोड़कर कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त होना और मेयर के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आशनी अवस्थी का 80 हजार वोटों में सिमट जाना, प्रमाण है कि कानपुर अब कांग्रेस के बस की बात नहीं है। भाजपा के बाद यहां सपा ही दूसरे नंबर की पार्टी है।

# टीएसआई हटा, एसीपी ट्रैफिक करेंगे जांच

## बाकरगंज प्रकरण में एडीसीपी ट्रैफिक ने लिया खबर का संज्ञान



वाह दारोगा जी! खाकी के टशन में ऐसी बेरहमी

ट्रैफिक के बारे में पूंछने पर टीएसआई ने की अभद्रता, वीडियो वायरल, कार्रवाई के संकेत

- बाकरगंज में फर्जी टीएसआई बन अधिवक्ता से ऐंठे रुपए, सीपी ऑफिस पहुंचा मामला

आशुतोष मिश्र 'रुद्र'

कानपुर। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार महकमे को 'जेंटल पुलिसिंग' की नसीहत दे रहे हैं और खाकी वाले कुछ मुलाजिम ऐसे हैं कि वर्दी के रौब में बच्चा और बूढ़ा भी नहीं देख रहे। मंगलवार दोपहर बाकरगंज चौराहे पर ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर से सवाल-जवाब करना

'फेक' आईटी इंस्पेक्टर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

कानपुर। सिपाही जितेंद्र को शादी करके फंसाने वाली फर्जी आयकर इंस्पेक्टर लुटेरी दुल्हन शिवांगी सिसौदिया उर्फ

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** वर्दी की हनक में 'संवेदनहीनता' ट्रैफिक विभाग के सब-इंस्पेक्टर को भारी पड़ गई। दो दिन पहले बाकरगंज में शटल सेवा के दरम्यान ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर टीएसआई से सवाल पूंछने वाले बुजुर्ग के साथ जो कुछ हुआ, उसका परिणाम 48 घन्टे के भीतर सामने आया।

'स्पष्ट आवाज' ने इस घटनाक्रम को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए वायरल वीडियो में टीएसआई द्वारा बुजुर्ग के साथ किए गए गलत व्यवहार को उजागर किया था। वीडियो और प्रकाशित खबर का पुलिस कमिश्नरेट के आला अफसरों ने संज्ञान लिया ।गुरुवार को एडीसीपी ट्रैफिक शिवा सिंह की ओर से मीडिया सेल व्हाट्सएप ग्रुप पर एक बयान जारी किया गया। जिसमें एडीसीपी ने जानकारी देते हुए कहा कि बाकरगंज से घण्टाघर के बीच शटल सेवा को लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति एवं टीएसआई के बीच नोकझोंक वीडियो में दिख रही है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए टीएसआई को उस तैनाती स्थल से हटा दिया गया है और एसीपी ट्रैफिक जांच कर रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही होगी।



# रिजवान के गले लग कर रो पड़ी बहन

## आगजनी मामले में फैसला टला, अब 19 मार्च का इंतजार



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** जाजमऊ आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी को लेकर आने वाले कोर्ट के फैसले का इंतजार बढ़ गया है। इस मामले में अब 19 मार्च को फैसला आएगा। तमाम सुरक्षा कारणों के चलते विधायक इरफान सोलंकी को महाराजगंज जेल से कानपुर कोर्ट नहीं लाया गया था। महाराजगंज जेल प्रशासन ने भी सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इरफान को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश करने की बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही पेशी मांगी थी।, हालांकि, इरफान के वकील सईद नकवी का कहना है कोर्ट ने अब 19 मार्च को इरफान सोलंकी को तलब किया है, इसी दिन फैसला आने की पूरी उम्मीद है। इससे पहले कोर्ट में सपा विधायक इरफान के भाई रिजवान सोलंकी और अन्य अभियुक्तों की पेशी हुई। अन्य अभियुक्तों में शौकत अली, मोहम्मद शरीफ व इसराइल आटे वाला हैं। सरकारी वकील दिलीप घोष ने बताया कि शौकत अली, मोहम्मद शरीफ के बेल बॉन्ड दाखिल नहीं थे, कोर्ट ने 19 मार्च तक दोनों को 30—30 हजार के बेल बॉन्ड दाखिल करने का वक्त दिया है। वहीं, जब इरफान के भाई रिजवान को कोर्ट में पेशी पर ले जाया जा रहा था, तब उसकी बहन रूबी रिजवान के गले लगकर फूट-फूटकर रोई। इस दौरान रिजवान के अधिवक्ताओं ने दोनों को किसी तरह ढांढस बंधाया, रिजवान ने पेशी पर जाने से पहले इरफान समेत खुद को बेगुनाह भी बताया। इन सबके बीच पुलिस ने भी कोर्ट परिसर में सुरक्षा की पुख्ता तैयारी की थी।

# हाथों में 'काली पट्टी', गूंजा इंकलाब जिंदाबाद

## वाहन चालक संयुक्त संघ के बैनर तले कमर्चारियों का प्रदर्शन



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** नगर निगम के सेवानिवृत्त/कार्यरत समस्त संवर्गों के कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं का निस्तारण न कराये जाने के सम्बन्ध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार एवं महामंत्री अखिलेश सिंह के नेत्रत्व में लिए गये निर्णय अनुसार एक दिवसीय दाहिने हाथ में काला फीता बाँध कर बिना कार्य प्रभावित किये प्रदर्शन किया गया। जिसमें समस्त विभागो के सफाई कर्मचारी, चालक, स्विचमैन, लिपिक एवं अन्य कर्मचारी माताओ, बहनों एवं भाइयों ने विरोध प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# निर्माण घटिया, फैसला 'ऑन स्पॉट'



**कानपुर।** घटिया निर्माण करने वाले 'हठधर्मी' ठेकेदारों के खिलाफ नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियंता एक-एक साइट पर जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। इस कड़ी में अधिशासी अभियन्ता दिवाकर भास्कर ने गुरुवार को जोन 3 अंतर्गत वार्ड 21 के नारायणपुरी क्षेत्र में स ?क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। यहां पर लगभग 5.58 लाख रुपए से इंटरलॉकिंग रोड और नाली निर्माण का कार्य मेसर्स बाबा आनंदेश्वर एंड सप्लायर्स द्वारा कराया जा रहा था। जांच के दौरान जीएसबी का प्रयोग मानक के अनुरूप नहीं मिला। अभियन्ता ने तत्काल सम्बंधित फर्म पर 15,000 रुपए का जुर्माना लगाते हुए घटिया निर्माण को जेसीबी लगा कर उखड़वा दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## कोतवाल सहित कई थानाध्यक्ष इधर से उधर



**फर्रुखाबाद।** जिले में पुलिस व्यवस्था को और भी ज्यादा बेहतर बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें शहर कोतवाली, थानाध्यक्ष कादरी गेट, थानाध्यक्ष जहानगंज की तैनाती में फेर बदल किया है। एसपी नें थानाध्यक्ष जहानगंज जेपी शर्मा को शहर कोतवाल बनाया है। शहर कोतवाल भोलेंद्र चतुर्वेदी को थानाध्यक्ष जहानगंज बनाया गया है। कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला की प्रभारी न्यायालय सुरक्षा के पद पर तैंनाती की है। वहीं प्रभारी न्यायालय सुरक्षा अवध नारायण पाण्डेय की थानाध्यक्ष कादरी गेट के पद पर तैंनाती हुई है।

## दबंगों ने घर में घुस ढहाई नवनिर्मित दीवाल

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 15 में ग्रीनलाज के पीछे दबंगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी के साथ मारपीट करते हुए। नवनिर्मित दीवाल को ढहा दिया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कस्बे के वार्ड संख्या 15 में ग्रीनलाज के पीछे की निवासी आराधना देवी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में अवगत कराया है कि गुरुवार को दोपहर करीब 12:00 बजे वह पने पति चंद्रशेखर के साथ मकान में निर्माण करा रही थी।

# टंकी का विवाद, पार्षद - जनता में नोकझोंक



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** चौक सराफा के धोबी मोहाल स्थित तिलक पार्क में पानी की टंकी तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। सपा से निष्कासित पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू और स्थानीय लोगों के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर कोतवाली पुलिस समेत भारी फोर्स पहुंच गया। पार्षद ने वर्कआडर भी दिखाया। पार्षद अभिषेक गुप्ता ने बताया कि तिलक पार्क में लगी पानी की टंकी दस साल से बंद है, इसी को लेकर उन्होंने यहां पर चबूतरा बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद यहां पर पानी की टंकी को तोड़ने का काम शुरू कराया गया था। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को आपत्ति है तो दूसरी पानी की टंकी, जिससे वॉटर सप्लाई हो रही है, उससे अन्य स्थानों पर कनेक्शन के लिए पाइप लाइन भी बिछवा देंगे। जबकि पार्क में धरने पर बैठी महिलाओं का कहना है कि टंकी से लोग पानी पीते हैं।

चबूतरा बनने से यहां पर बाहरी तत्व भी आकर बैठेंगे, जिससे उन लोगों के सामने मुश्किल खड़ी होगी। इस बीच, कोतवाली पुलिस ने भी मामले को संभालने का प्रयास किया, बाद में यहां पर भारी फोर्स भी तैनात कर दिया गया।

# तीन करोड़ 75 लाख का अवैध गांजा बरामद, दो तस्करों को भेजा जेल



**हमीरपुर।** मुखबिर की सूचना पर छिरका गांव में स्थानीय पुलिस व नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम ने छापेमारी कर खेतों के ट्यूबवेल से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद कर एक युवक को हिरासत में लिया था। बाद में दूसरे युवक को भी राठ तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बरामद किए गए गांजा का कुल वजन 7 क्विंटल 53 किलोग्राम है।

# तीन मासूमों को छोड़ महिला प्रेमी संग फरार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मां अपने तीन बच्चों की ममता छोड़कर नगदी तथा जेवर लेकर अपने प्रेमी रिश्तेदार के साथ रफूचक्कर हो गई।

अपने प्रेमी के प्रेम में दीवानी तीन बच्चों की मां की करतूत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। घटना के संबंध में क्षेत्र के एक गांव के पत्नी वियोगी निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पीड़ा बताते हुए कहा है कि उसकी शादी लगभग 18 वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी ने दो बेटे तथा एक बेटी को जन्म दिया।

इसके बावजूद भी पत्नी उसके एक रिश्तेदार के प्रेम में फंसकर उसके वहालने फुसलाने में आकर घर से उसी के साथ चली गई। तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि जाते समय उसकी पत्नी लगभग 1,10,000 रुपए नकद के अलावा घर में रखें कुछ जेवरात भी ले गई है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन करने की बात कह रही है। प्रेमी के साथ फरार महिला की 10 वर्षीय बेटी अपनी मां की करतूत के सदमे में बीमार हो गई। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बीमार बच्ची बार-बार रो-रो कर अपनी मां को याद कर रही है। लेकिन इश्क में दीवानी अपने प्रेमी के साथ फरार हुई इस बेदर्द मां को क्या अपने इन मासूम बच्चों की याद आती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हरौर विकासखण्ड- राजेपुर फर्रुखाबाद

पत्रांक- 17/मनरेगा/टेण्डर प्रकाशन/23-24 दिनांक- 14/03/24

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्प कालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त एवं 15 वॉ वित्त आयोग/महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मे वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर सामिग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 14/03/2024 से 20/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विकय की जायेगी एवं दिनांक 01/04/2024 शाम 04:00 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र० | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण (लाख में) | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण होने का अनुमानित समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पंचायत घर में टाइल कार्य | 361000/- | 361000/- | 500/- | 1 माह |
| 02 | प्रा० विद्यालय रोशन नगला में दो कमरों में टाइल कार्य | 186000/- | 186000/- | 500/- | 1 माह |
| 03 | प्रा० विद्यालय कुम्हरौर में शौचालय निर्माण कार्य | 223000/- | 223000/- | 500/- | 1 माह |
| 04 | प्रा० विद्यालय मनपुरा में दो कमरों में टाइल कार्य | 186000/- | 186000/- | 500/- | 1 माह |
| 05 | प्रा० विद्यालय रम्पुरा में दो कमरों में टाइल कार्य | 214000/- | 214000/- | 500/- | 1 माह |
| 06 | जूनियर विद्यालय रम्पुरा नवादा में दो कमरों में टाइल कार्य | 361000/- | 361000/- | 500/- | 1 माह |
| 07 | प्रा० विद्यालय कुम्हरौर में दो कमरों में टाइल कार्य | 141000/- | 141000/- | 500/- | 1 माह |
| 08 | ग्राम पंचायत में मेन गेट, मुख्य द्वार निर्माण कार्य | 600000/- | 600000/- | 500/- | 1 माह |

नियम एवं शर्तें:- निविदा दाता का जी०एस०टी० व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ०डी०आर० व एन०एस०सी० व चेक द्वारा ली जाएगी।

**हिमानी**
''प्रधान''
ग्राम पंचायत कुम्हरौर वि०ख० राजेपुर- फर्रुखाबाद

सचिव
ग्राम पंचायत कुम्हरौर वि०ख०
राजेपुर- फर्रुखाबाद



## कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हरौर विकासखण्ड- राजेपुर फर्रुखाबाद

पत्रांक- 18/मनरेगा/टेण्डर प्रकाशन/23-24 दिनांक- 14/03/24

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्प कालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त एवं 15 वॉ वित्त आयोग/महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मे वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर सामिग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 14/03/2024 से 20/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विकय की जायेगी एवं दिनांक 01/04/2024 शाम 04:00 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र० | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण (लाख में) | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण होने का अनुमानित समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अनुराग के घर से उपेन्द्र के कोने तक नाली व इंटरलांकिंग कार्य | 237000/- | 237000/- | 500/- | 1 माह |
| 02 | सोनू के घर से सलीम के घर तक नाली व इंटरलांकिंग कार्य | 440000/- | 440000/- | 500/- | 1 माह |
| 03 | सलीम के घर से सतीश के घूरे तक नाली व इंटरलांकिंग कार्य | 517000/- | 517000/- | 500/- | 1 माह |
| 04 | मृगपाल के घर से सतीश के शौचालय तक नाली व इंटरलांकिंग कार्य | 271000/- | 271000/- | 500/- | 1 माह |
| 05 | रामू के घर के पास पुलिया से मृगपाल के घर तक नाली व इंटरलांकिंग कार्य | 177000/- | 177000/- | 500/- | 1 माह |
| 06 | सतीश के घर से हेंम सिंह के घर तक नाला निर्माण कार्य | 430000/- | 430000/- | 500/- | 1 माह |

नियम एवं शर्तें:- निविदा दाता का जी०एस०टी० व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ०डी०आर० व एन०एस०सी० व चेक द्वारा ली जाएगी।

**हिमानी**
''प्रधान''
ग्राम पंचायत कुम्हरौर वि०ख० राजेपुर- फर्रुखाबाद

सचिव
ग्राम पंचायत कुम्हरौर वि०ख०
राजेपुर- फर्रुखाबाद



## कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/नि.सू./2023-24 दिनाँकः 14.03.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा वि.ख. कसमण्डा** के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 20.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15.03.2024 से दिनाँक 19.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नेवादा में दिलीप के घर से परमेश्वर के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 1,38,116.00 | ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मौरंग, बालू, गिट्टी, ईटा रोड़ी, सरिया आदि। | 1,09,040.07 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत नेवादा** के पक्ष में होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**



## कार्यालय ग्राम पंचायत बरेठी विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/नि.सू./2023-24 दिनाँकः 14.03.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरेठी वि.ख. कसमण्डा** के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 20.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15.03.2024 से दिनाँक 19.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत बरेठी** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत बरेठी** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुशील के मकान से छोटकन्नू के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 1,91,349.00 | ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मौरंग, बालू, गिट्टी, सरिया आदि। | 1,57,305.85 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत बरेठी** के पक्ष में होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**



## कार्यालय ग्राम पंचायत पताराकलां विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांक : मेमो/पंचम/15वां/राज्यवित्त/नि.सू./2023-24 दिनाँक : 14.03.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत पताराकलां वि.ख. कसमण्डा** के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 20.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15.03.2024 से दिनाँक 19.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत पताराकलां** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत पताराकलां** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवपुरी में देशराज के घर से तालाब तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 4.97 लाख | ईंटा प्रथम श्रेणी, 40 एमएम ईटा गिट्टी, 20 एमएम गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, सरिया, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि। | 3,94,456.75 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत पताराकलां** के पक्ष में होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**

S A NEWS
# स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, षष्ठी (कृष्ण पक्ष)



आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
अरस्तु

## संसद को कांग्रेस विहीन करने की रणनीति

भारतीय जनता पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहे मुताबिक 370 का लक्ष्य हासिल करने के लिए काम कर रही है। लेकिन इसके साथ साथ यह कोशिश भी है कि कैसे कांग्रेस की जीती हुई एक एक सीट भी उससे छीन ली जाए। भाजपा गंभीरता से इस बात के प्रयास कर रही है कि कांग्रेस को बिल्कुल खत्म कर दिया जाए।

याद करें प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बजट सत्र में क्या कहा था? उन्होंने कांग्रेस के लिए कहा था कि अगली बार मतदाता दर्शक दीर्घा में बैठा देंगे। इसके बाद अभी पिछले दिनों एक राष्ट्रीय चैनल का चुनाव पूर्व सर्वेक्षण आया, जिसमें कहा गया कि कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल मिला कर 37 सीटें मिलेंगी। सोचें, 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। इस बार 37 सीटों का अनुमान जाहिर किया जाता है।

> याद करें प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बजट सत्र में क्या कहा था? उन्होंने कांग्रेस के लिए कहा था कि अगली बार मतदाता दर्शक दीर्घा में बैठा देंगे। इसके बाद अभी पिछले दिनों एक राष्ट्रीय चैनल का चुनाव पूर्व सर्वेक्षण आया, जिसमें कहा गया कि कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल मिला कर 37 सीटें मिलेंगी। सोचें, 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। इस बार 37 सीटों का अनुमान जाहिर किया जाता है। बहरहाल, पिछले चुनाव में कई राज्यों में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था।

बहरहाल, पिछले चुनाव में कई राज्यों में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। कई राज्यों में कांग्रेस को एक एक सीट मिली थीं। बिहार, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में कांग्रेस जैसे तैसे एक एक सीट जीतने में कामयाब रही थी। लेकिन इस बार भाजपा इन राज्यों में उसकी जीती एक एक सीट भी छीन लेने की राजनीति कर रही है।

सोचें, झारखंड में भाजपा को कांग्रेस की जीती हुई सिंहभूम सीट छीनने का कोई दूसरा तरीका नहीं सुझा तो उसने कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को ही अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। मधु कोड़ा के ऊपर कई तरह के झूठे सच्चे आरोप लगाने के बाद अंत में भाजपा ने उनको अपनी पार्टी में लिया। अब कांग्रेस का प्रयास झारखंड में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का खाता नहीं खुलने देने का है। बिहार में कांग्रेस और समूचे गठबंधन ने पिछली बार 40 में से सिर्फ एक सीट जीती थी। किशनगंज की सीट पर जैसे तैसे कांग्रेस के मोहम्मद जावेद 34 हजार वोट से जीते थे। भाजपा, जदयू और लोजपा गठबंधन ने क्लीन स्वीप किया था। उसे 39 सीटें मिली थीं। भाजपा और लोजपा ने अपनी सभी सीटें जीती थीं। लेकिन 2020 में हुए लोकसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन ने शानदार वापसी की। लोकसभा की एक सीट जीतने वाली कांग्रेस 19 सीटों पर जीती और जीरो सीट पर रही राजद ने 75 सीटें जीतीं।

## आज का इतिहास

1236- विश्व प्रसिद्ध सूफ़ी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह अलैह का निधन।
1493- क्रिस्टोफर कोलम्बस अपने विश्व भ्रमण के बाद स्पेन लौटा।
1564- मुगल बादशाह अकबर ने जजिया कर हटाया।
1744- फ्रांसीसी सम्राट लुईस 15वें ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1901- महान कुश्ती प्रशिक्षक एवं पहलवान गुरु हनुमान का जन्म।
1901- अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में घोडों की दौड पर प्रतिबंध लगा।
1907- फिनलैंड महिलाओं को वोट देने का अधिकार देने वाला पहला यूरोपीय देश बना।
1919- हैदराबाद में उस्मानिया विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ।
1934- बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम का जन्म।
1943- दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिह वर्मा का जन्म।
1964- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
1969- भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल किया गया।
1976- बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल का जन्म।
1984- यूरोपीय देश तंजानिया में संविधान को अंगीकार किया।
1985- पहला डोमेन नाम 'सिम्बोलिक डॉट कॉम' पंजीकृत किया गया।
1988- आजादी के बाद पहली बार आठ राजनीतिक दलों ने भारत बंद का आह्वान किया।

## क्लिरनेट के हैशटैग शी विनर कैंसर को महिलाओं ने किया पसंद

मुकुंद

इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्लिरनेट के हैशटैग शी विनर कैंसर ने लाखों महिलाओं को जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्तन, सर्वाइकल, गर्भाशय और अंडाशय के कैंसर के बारे में आवश्यक जानकारी देना था। इस अभियान में देशभर के प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं कैंसर रोग विशेषज्ञों के 1000 से अधिक वीडियो स्थानीय भाषाओं में क्लिरनेट के आभासी मंच डॉक ट्यूब पर हर 15 मिनट में जारी किए गए। इस अभियान में 10 लाख से अधिक दर्शक जुड़े। एक मार्च से शुरू यह अभियान 10 मार्च तक चला। इस अभियान से जुड़ने वाले भारत के 500 से अधिक स्त्री रोग और कैंसर रोग विशेषज्ञ इस सफलता से गदगद हैं। इस अभियान के दौरान यह सामने आया है कि दर्शकों का सर्वाधिक फोकस गर्भाशय कैंसर से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने पर अधिक रहा। कैंसर से संबंधित मिथक और जोखिम कारकों के बारे में जानकारी देने वाले वीडियो सबसे यादा देखे गए। मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे महानगरों के डॉक्टरों ने इस अभियान में सक्रिय सहयोग किया। क्लिरनेट के सह संस्थापक सौरव कसेरा का कहना है कि सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए इस अभियान की परिकल्पना कैंसर के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखकर की गई। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर के 20 मिलियन से अधिक नए मरीज सामने आये। इनमें सिर्फ भारत में 1.4 मिलियन से अधिक मरीज शामिल थे। इन 1.4 मिलियन लोगों में 50 फीसद से अधिक महिलाएं प्रभावित हुई थीं। इसीलिए हैशटैग शी विनर कैंसर शुरू किया है। क्लिरनेट की कोशिश है कि भारतीय महिलाओं और उनके परिवारों को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। खुशी की बात यह रही कि इस अभियान से पूरे भारत के सम्मानित एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी जुड़े। इस पहल का नेतृत्व करने वाले प्रमुख डॉक्टर्स में कोलकाता की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नाबली चक्रवर्ती शामिल रहीं। हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कॉलेज में प्रसूति व स्त्री रोग विभाग की सेवानिवृत्त प्रोफेसर और पूर्व अध्यक्ष डॉ. अंबुजा चोरानूर और मैक्स अस्पताल में कैंसर देखभाल और ऑन्कोलॉजी विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार जुल्का ने अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. दुरु शाह के अलावा सम्मानित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण कोहेलो का सहयोग भी अहम रहा। अभियान में अहम मार्गदर्शन के रूप में हैदराबाद की पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मंजुला अनागानी और मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग व आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. नंदिता पलशेतकर की सलाह बहुत काम आई।

# भारत और कृषि क्षेत्र में विकास

कुचिभोटला श्रीनिवास

भारत के कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें अपर्याप्त फार्म-गेट पोस्ट-हार्वेस्ट बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की स्थिति में महसूस किया जा सकता है। केंद्र की मौदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण को आसान बनाना है। योजना के अंतर्गत, वित्तीय संस्थान वित्तीय वर्ष 2020-21 से छह वर्षों के लिए 1,00,000 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे। यह योजना सात वर्षों की अवधि के लिए 2.0 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि पर प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें फार्म-गेट अवसंरचना की जरूरतों को विकसित करने के लिए जमीनी वास्तविकता के प्रति अनुकूलनीयता, लचीलापन और संवेदनशीलता में आसानी है। इसके त्वरित दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप इस अत्यधिक प्रभावी योजना का किसानों को लाभ मिला। एआईएफ के लिए अन्य सभी योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने की संभावना सहायक रही, जिससे फार्म-गेट अवसंरचना में निवेश की बढ़ी हुई व्यवहार्यता के साथ-साथ तेजी से योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित हुई। इस योजना ने 55,600 से अधिक आवेदनों से 66,007 करोड़ रुपये से अधिक के फार्म-गेट अवसंरचना में प्रतिबद्ध निवेश के साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। इस योजना के अंतर्गत 23,949 करोड़ रुपये के वितरण सहित अब तक 39,306 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। इस योजना को कृषि उद्यमियों, किसानों और पैक्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। सभी राज्यों ने इस योजना को अपनाया है, जिसमें 10,000 आवेदनों के साथ पंजाब सबसे आगे है, उसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान है। कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस और प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर्स को 12,000 से अधिक आवेदकों से काफी आकर्षण मिला है। एआईएफ का मकसदः इस योजना को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से लागू किया गया है। इसमें कृषि-उद्यमिता भी है। यह मॉडल संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला में आवश्यकता आधारित फार्म-गेट अवसंरचना के निर्माण के लिए स्थानीय उद्यमिता की ताकत का लाभ उठाता है। इसके अलावा पैक्स संचालन का मॉडल किसानों की जरूरतों को समझने और उसके अनुसार फार्म गेट अवसंरचना का निर्माण करने के लिए प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पैक्स) के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाता है। एफपीओ के मॉडल ने एफपीओ पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाते हुए आवश्यक अवसंरचना के निर्माण में मदद की है। यह समूह समूह आधारित मॉडल है।नरेन्द्र मोदी सरकार की जागरुकता और प्रचारात्मक पहल के कारण योजना का सफल कार्यान्वयन संभव हुआ। भारत सरकार ने योजना के बारे में लक्षित समूहों के बीच जागरुकता और ज्ञान पैदा करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है। योजना में भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक दृष्टिकोण, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया पर व्यापक अभियानों के माध्यम से इसके उद्देश्यों, लाभों और पात्रता मानदंडों की तरफ किसानों, उद्यमियों एवं अन्य हितधारकों का ध्यान आकर्षित कर संभव हो पाया। आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ सुव्यवस्थित किया गया। पिछले तीन वर्षों में, 91 प्रतिशत की सीएजीआर सहित आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस उपलब्धि का श्रेय सरकार की समावेशिता सुनिश्चित करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दिया जा सकता है। एआईएफ किसानों की आय बढ़ाने के लिए सतत कृषि परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम है। इस योजना का प्रभाव उल्लेखनीय रहा है, जिसे विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के पैमाने, फार्म-गेट अवसंरचना की चौड़ाई और गहराई और व्यापक भौगोलिक प्रसार के साथ देखा जा सकता है। एआईएफ योजना के तहत स्वीकृत फार्म-गेट अवसंरचना की वर्तमान और भविष्य की प्रगति से फसल कटाई उपरांत प्रबंधन, कृषि उपज के भंडारण और रसद में सुधार होगा, खाद्य अपव्यय कम होगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। यह योजना कृषि उपज के मूल्यवर्धन में रोजगार सृजन को भी सक्षम बनाएगी और ग्रामीण-शहरी भौगोलिक क्षेत्रों के बीच आय विभाजन को कम करते हुए ग्रामीण आय में विविधता लाएगी।फार्मगेट अवसंरचना के तहत 55,600 से अधिक पोस्ट-हार्वेस्ट और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों को मंजूरी दी गई है, जिनमें महत्वपूर्ण 94 प्रतिशत अवसंरचना ग्रामीण क्षेत्रों में है। फसल कटाई के उपरांत हुए नुकसान में कमी आई है। 11,533 से अधिक शुष्क गोदामों और 1,601 शीत भंडारण परियोजनाओं को मंजूरी देने के साथ कृषि-मूल्य श्रृंखला का विकास देखा जा रहा है। पूरी की गई परियोजनाओं ने लगभग 312 एलएमटी भंडारण क्षमता को जोड़ा है, जिससे फसल कटाई उपरांत लगभग 11 एलएमटी खाद्यान्न और 2.9 एलएमटी बागवानी उपज के नुकसान में कमी आई है। मूल्य संवर्धन और बेहतर मूल्य प्राप्ति योजना से किसानों के लिए भंडारण से परे वैल्यू अनलॉकिंग का प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। यह लाभार्थियों को प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, ग्रेडिंग सुविधाएं, पैकेजिंग इकाइयां स्थापित करने, उनकी उपज में मूल्यवर्धन करने और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना ने किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने और बिचौलियों को समाप्त करने के लिए वैकल्पिक माध्यम और बेहतर बाजार संपर्क बनाने के लिए ई-विपणन प्लेटफार्मों को सहायता की है।



केंद्र की मौदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण को आसान बनाना है।

# इस समय भला क्यों सीएए?

अजीत द्विवेदी

केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए लागू करने के लिए चार साल से ज्यादा समय तक इंतजार किया। इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता है कि सत्तारूढ़ भाजपा को इसके असर का अंदाजा नहीं है। साढ़े चार साल के बाद अगर किसी कानून को अमल में लाया जा रहा है तो निश्चित रूप से उसके हर पहलू पर विचार किया गया होगा।

सरकार के स्तर पर इसे लागू करने की प्रशासनिक व कानूनी चुनौतियों पर विचार किया गया होगा तो भाजपा के स्तर पर राजनीतिक चुनौतियों का आकलन किया गया होगा। जब तक भाजपा को इस पर अमल करने से फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा दिखता रहा तब तक इसे रोका गया। अब इसे लागू किया जा रहा है तो इसका मतलब है कि भाजपा को नुकसान कम और फायदा ज्यादा दिख रहा है। यह भी कह सकते हैं कि इसे लागू करने के लिए हालात अभी अनुकूल दिख रहे हैं। लेकिन क्या अनुकूल हालात में लागू करने से इस कानून की चुनौतियां कम हो जाएंगी?

चूंकि यह कानून लोकसभा चुनाव से ऐन पहले लागू हो रहा है इसलिए सबसे पहले इसके राजनीतिक पहलुओं पर ही विचार की जरुरत है। ध्यान रहे भाजपा की केंद्र सरकार ने दिसंबर 2019 में नागरिकता कानून में संशोधन किया था। अगर विशुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखें तो इस पर अमल रोकने का कारण 2021 के मई में होने वाले विधानसभा चुनाव थे। मई 2021 में एक ही साथ असम और पश्चिम बंगाल दोनों के चुनाव होने वाले थे। अगर पश्चिम बंगाल का चुनाव अलग हो रहा होता तो सरकार इसे लागू कर सकती थी। लेकिन सरकार और भाजपा दोनों को अंदाजा था कि असम के चुनाव में इसका नुकसान हो सकता है। असम में इस कानून के खिलाफ ही लुरिनजोत गोगोई और अन्य लोगों ने मिल कर असम जातीय परिषद का गठन किया था और इसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। अस्सी के दशक में हुए असम समझौते को लेकर बेहद संवेदनशील कई जातीय समूहों ने इसका विरोध किया। उनकी चिंता है कि इस कानून के जरिए बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को भारत की नागरिकता मिल जाएगी और उसका असर असम की संस्कृति और भाषा दोनों पर होगा। उनको यह भी डर है कि असमी लोग अपने ही राज्य में अल्पसंख्यक हो जाएंगे और बांग्लाभाषियों की बहुलता हो जाएगी। उनकी यह आशंका सही है या नहीं यह बाद की बात है लेकिन इसका राजनीतिक नुकसान संभव था।

तभी भाजपा की सरकार ने 2021 में जोखिम नहीं लिया था। लेकिन अब यह जोखिम लिया जा रहा है तो उसका कारण यह है कि भाजपा को इस बार असम में नुकसान से ज्यादा पश्चिम बंगाल में फायदा दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए मतुआ समुदाय के हिंदू प्रवासियों की आबादी करीब दो करोड़ है और राज्य की 10 लोकसभा सीटों पर बहुत स्पष्ट प्रभाव है। पिछले विधानसभा चुनाव में इनके असर वाले इलाकों में भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं, जहां उससे पहले भाजपा को सिर्फ तीन सीट मिली थी।

इस बार मतुआ आबादी वाले इलाके में भाजपा को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। असम में इसका विरोध होगा लेकिन वहां भी करीब 20 लाख ऐसे हिंदू प्रवासी हैं, जिनको इस कानून का लाभ मिलेगा। ध्यान रहे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी में भी असम में 19 लाख लोगों के नाम नहीं शामिल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर हिंदू हैं। उनको इस कानून के जरिए नागरिकता मिलेगी। सो, भाजपा को उम्मीद है कि असम में भी नफा-नुकसान का संतुलन बन जाएगा।

अगर कानूनी चुनौतियों की बात करें तो दिसंबर 2019 में कानून बनने के कुछ दिन बाद से ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।




# जागो ग्राहक जागो

जागो ग्राहक जागो

योगेश कुमार गोयल

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अकसर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को संसार में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। वास्तव में यह उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्व अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरुआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986' का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है।

# सबसे बड़ा सवाल... फिर क्यों चाहिए बाहरी मुसलमानों को भारत की नागरिकता ?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

केंद्र की मोदी सरकार एक अच्छी मंशा से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लेकर आई है। किंतु देश विरोधी शक्तियां इसे लेकर जनमानस के बीच जिस तरह का नैरेटिव सेट करने के प्रयास में लगी हैं, वह बहुत ही खतरनाक है। 2019 की तरह ही इस विषय पर फिर से देश में अराजकता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के नागरिक मुसलमानों को भड़काने की कोशिशें शुरू हो गई हैं, यह कहकर कि उनके अधिकारों का हनन है। मुसलमानों में डर का माहौल यहां तक बनाया जा रहा है कि %%यह देश के 17 करोड़ मुसलमानों को संदेश है कि वे अब कागज निकालें%% ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता कह रहे है, ÷आप क्रोनोलॉजी समझिए, पहले चुनाव का मौसम आएगा फिर सीएए के नियम आएंगे।...सीएए विभाजनकारी है और गोडसे की सोच पर आधारित है, जो मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहता है।... राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के साथ सीएए का उद्देश्य केवल मुसलमानों को टारगेट करना है, इसका कोई अन्य उद्देश्य नहीं है ।÷

देखा जाए तो सीएए मुद्दे पर सभी प्रधानमंत्री मोदी विरोधियों का फोकस इस बात पर है कि कैसे हम यह सिद्ध कर पाने में सफल हों कि यह कानून देश के लगभग 15 करोड़ मुसलमानों को राज्यविहीन बना देने के लिए लाया गया है। इसी सोच के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद शशि थरूर समेत इंडी के अधिकांश घटक दल आज आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं।

वास्तव में जो भी राजनीतिक पार्टियां और नेता आज %सीएए% का विरोध कर रहे हैं, उनसे यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि भारत विभाजन का सबसे बड़ा कारण कौन सा रहा ? किसे चाहिए था धर्म (मजहब) के आधार पर अलग देश? गैर मुस्लिमों के खिलाफ एक ही दिन अविभाजित भारत में %डारेक्ट एक्शन% किसने शुरू किया था? और जब धर्म के आधार पर दो देशों के बीच मुस्लिम-गैर मुस्लिम की जनसंख्यात्मक अदला-बदली होनी चाहिए थी, आखिर वे कौन लोग (नेता-संगठन) थे, जिन्होंने ऐसा होने नहीं दिया। यदि यह कार्य उसी वक्त हो जाता तो 1947 से लेकर अब तक स्वतंत्र भारत में जितने भी सांप्रदायिक दंगे हुए और उनमें जिन मासूमों, सामान्य जनों को अपनी जानें गंवानी पड़ी, वह नहीं जातीं! और न ही भारत में हिन्दू-मुस्लिम जैसी कोई समस्या दिखाई देती । इतना ही नहीं देश में पिछले 75 वर्षों के दौरान एक विशेष धर्म को माननेवाले जितने स्लीपर सेल एवं आतंकी पकड़े गए, अनेक बम ब्लास्ट हुए, वह भी नहीं होते। केंद्र और राज्य सरकारों का धन और ऊर्जा इस प्रकार के तमाम मामलों को सुलझाने में जो खर्च होती है, कहना होगा कि वह भी नहीं लगती। तब दोषी कौन हुआ? क्या जो निर्वासित हो रहे थे, वे दोषी हैं या वे जिनके साथ अमानवीय अत्याचार सिर्फ इसलिए किए गए क्योंकि उनका धर्म अलग था? इस सब के लिए उन्हें ही दोषी माना जाए? ऐसे में साफ समझ आता है कि दोषी 1947 की तत्कालीन भारत-पाकिस्तान की सरकारें रही हैं। यदि आज पूर्व सरकार की गलती को भारत सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारने का प्रयास किया है तो खुले मन से विचार करें; इस का विरोध होना चाहिए या सर्वत्र समर्थन ? जनसंख्या के आंकड़े देखिए; ह्यूमन राइट सर्व रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हिंदुओं की जनसंख्या 1931 में 15 प्रतिशत थी, वह विभाजन के बाद सिर्फ 1.3 फीसदी रह गई । यह आंकड़ा 1961 में 1.4 प्रतिशत, 1981 में 1.6 और अभी की स्थिति में अधिकतम बढ़कर 1.8 प्रतिशत तक ही पहुंच सका है। यूनाइटेड स्टेट्स कमिशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम का सार्वजनिक तौर पर डेटा मौजूद है जो यह बता रहा है कि पाकिस्तान में हिन्दू-सिख एवं ईसाईयों की स्थिति बहुत दयनीय है। पाकिस्तान में हर साल एक हजार से ज्यादा हिंदू, सिख और क्रिश्चियन लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है। यदि इस अधिकारिक आंकड़े से अलग सामान्य धर्म परिवर्तन के मामले देखें तो अकेले अल्पसंख्यक लड़कियों के कन्वर्जन की यह संख्या एक हजार से कई गुना अधिक बढ़ जाती है। वस्तुत~ यही हाल बांग्लादेश का है।



# मुम्बई ने विदर्भ को 169 रनों से हराया

- **मुम्बई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर, जीता रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब**




**मुम्बई।** मुम्बई ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले में आज विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब पर कब्जा कर लिया है।

विदर्भ ने कल के पांच विकेट पर 248 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। उन्हें कोटियान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद मात्र 13 रन जोड़कर विदर्भ अपने चार विकेट गंवा दिये। हर्ष दुबे 65 रन, आदित्य सरवटे तीन रन, यश ठाकुर छह रन, उमेश यादव छह रन बनाकर आउट हो गये। विदर्भ की पूरी टीम दूसरी पारी में 134.3ओवर में 368 रन पर सिमट गई। मुंबई की ओर से तनुष कोटियन ने सबसे अधिक चार विकेट लिए। उमेश यादव और तुषार देशपांडे को दो-दो विकेट मिले। धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दूसरी पारी में मुंबई के युवा बल्लेबाज मुशीर खान ने फाइनल में (136) रनों की पारी खेली।

# साढ़े 6 लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी : योगी

- **युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बर्बाद कर देंगे**
- **पहली बार सिर्फ 9 महीने में आयोग ने भर्ती प्रक्रिया पूरी की, 96 अफसरों को सौंपे ज्वाइनिंग लेटर**



**लखनऊ।** हमने साढ़े 6 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। 7 साल में हमने यूपी के लोगों की पहचान का संकट भी खत्म किया। अब लोग सीना तानकर कह सकते हैं कि वह यूपी के हैं। यह सब सरकार के निर्णय के मैकेनिज्म से हुआ है। गुरुवार को योगी अपने सरकारी आवास पर सरकारी विभागों में चुनकर आए युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 39 उपजिलाधिकारी, 41 पुलिस उपाधीक्षक और 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को ज्वाइनिंग लेटर दिए।

उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने सिर्फ 9 महीने में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध कराई गई है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें गरीबों के साथ खड़े होना चाहिये। कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा।

# परियोजनाओं को पूरा करना मोदी के विकास मॉडल की पहचान



**गुवाहाटी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि नींव रखने के बाद परियोजनाओं को पूरा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल की पहचान है। सीतारमण ने दावा किया कि साल 2014, जब केंद्र में मोदी सरकार सत्ता में आई, से पहले नींव तो रखी गई, लेकिन परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हुईं। सीतारमण ने आईआईटी-गुवाहाटी में आयोजित विकसित भारत एंबेसेडर कैंपस डायलॉग में कहा कि परियोजनाओं को पूरा करने में देरी से देश की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जिससे यह धारणा बनी कि भारत अपनी परियोजनाओं को पूरा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि सरकार सिर्फ शिलान्यास नहीं करेगी, बल्कि परियोजनाओं को पूरा भी करेगी ... इस नियम से पूर्वोत्तर को भी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास मॉडल में पूर्वोत्तर एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो पिछले दशक में प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों द्वारा इस क्षेत्र का दौरा करने से स्पष्ट है।

## सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली।** समाजसेवी सुधा मूर्ति ने बृहस्पतिवार को अपने पति एन आर नारायण मूर्ति की मौजूदगी में राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदन के नेता पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष और बच्चों के लिए कई किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति (73) को पिछले शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। कन्नड़ और अंग्रेजी साहित्य में योगदान के लिए प्रख्यात सुधा मूर्ति को साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार, पद्म श्री (2006) और पद्म भूषण (2023) जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

# पेट्रोल-डीजल दो रुपये हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने एक और बड़ा फैसला किया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी करने का फैसला किया है। नई दरें कल सुबह यानी 15 मार्च सुबह छह बजे से लागू होंगी। राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो फिलहाल 96.72 रुपये प्रति लीटर है। ऐसे ही डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम ?2 रुपये कम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि करोड़ों भारतीयों के अपने परिवार का हित और सुविधा सदैव उनका लक्ष्य है। उन्होंने लिखा, जब विश्व मुश्किल दौर से गुजर रहा था, विकसित और विकासशील देशों में पेट्रोल के दामों में 50-72 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई और हमारे आसपास के कई देशों में तो पेट्रोल मिलना ही बंद हो गया तब भी 1973 के बाद आए 50 साल के सबसे बड़े तेल संकट के बावजूद पीएम मोदी के दूरदर्शी और सहज नेतृत्व के कारण मोदी के परिवार पर आंच नहीं आई। भारत में पेट्रोल के दाम बढ़ने के बजाय पिछले ढाई बर्षों में 4.65 प्रतिशत कम हुए!

भारत में ईंधन की सप्लाई निरंतर बनी रही, सस्ते दामों पर बनी रही और हमारे कदम निरंतर हरित ऊर्जा की ओर भी बढ़ते रहे। यानि भारत ने ऊर्जा उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता को बरकरार रखा।

## गायत्री एवं उनके करीबियों के ठिकानों पर ईडी की रेड

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम ही ले रही है। वर्तमान में गायत्री प्रसाद प्रजापति बलात्कार के आरोप में जेल में बंद है। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे प्रवर्तन निदेशालय की दो टीमों ने एक साथ अमेठी कस्बे के आवास विकास स्थित गायत्री प्रसाद प्रजापति एवं उनकी बेहद करीबी गुड्डा देवी के घर पर छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम में एक दर्जन से अधिक अधिकारी मौजूद हैं और गायत्री प्रजापति के घर के अंदर खनन मामले और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। पिछले दस घंटे से लगातार ईडी के अधिकारी घर के अंदर सभी लोगों को कैद कर जांच पड़ताल कर रहे हैं।




फोटो : योगेश श्रीवास्तव सीतापुर

**यह है भारत का भावी भविष्य–** भारत को विश्व गुरु बनाने का दावा करने वाली डबल इंजन सरकार के मंत्रियों के भाषणों को यह तस्वीर आइना दिखाने के लिए काफी है। गुर्बत की जिंदगी जी रहे मासूमों को चूल्हे जलाने की फिक्र लालबाग पार्क खींच लाई। कई बच्चे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा पानी पीकर फेंकी गई बोतलों को बीन रहे हैं। तस्वीर सूबे के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की सीतापुर में गुरुवार को आयोजित जनसभा की है। जनाब तस्वीर है झूठ तो नही बोलेगी।

## चुनावी बॉन्ड से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक कर दी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के हिसाब से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च 2024 को चुनाव आयोग (ईसीआई) को चुनावी बांड से संबंधित डेटा मुहैया करा दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर गुरुवार को डेटा अपलोड कर दिया गया। वेबसाइट पर चुनावी बॉन्ड एसबीआई से प्राप्त डेटा को जस के तस अपलोड कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक, चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को दान देने वालों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज शामिल हैं। इसमें टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा सूची में चुनावी बॉन्ड के खरीदारों में अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, सन फार्मा के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त आवाज़




### आने वाले कठिनाईयों से अवगत रहे महिलाएं : सौम्या माथुर

**गोरखपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में 14 मार्च को रेलवे प्रेक्षागृह,गोरखपुर में एक समारोह का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूनाइटेड नेशन ने इस वर्ष इनवेस्ट इन वूमेन, एक्सीलरेट प्रोग्रेस स्लोगन दिया है। समारोह का शुभारम्भ महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के राजनीतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. विनीता पाठक, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डा. लक्ष्मी गुंजियाल, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन अवधेश कुमार, महाप्रबन्धक के सचिव आनन्द ऋ षि श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी, महिला सशक्तिकरण समिति की पदाधिकारी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री बच्चू लाल एवं भारी संख्या में महिला रेलकर्मी उपस्थित थीं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह को सम्बोधित करती हुईं महाप्रबन्धक सुश्री माथुर ने कहा कि हम महिलाओं की शक्ति एवं काबिलियत को सेलिब्रेट करते हैं। महिला को शक्ति का स्वरूप माना जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के जीवन में कठिनाई आने पर कैसे उनका सामना किया जाय, इससे महिलाओं को अवगत होना चाहिये।

### 18 से बड़ोदरा से होली पर विशेष गाड़ी का संचालन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09111/09112 बड़ोदरा-गोरखपुर-बड़ोदरा होली सुपरफ ास्ट विशेष गाड़ी का संचलन बड़ोदरा से 18 मार्च, दिन सोमवार को तथा गोरखपुर से 20 मार्च, 2024 दिन बुधवार को एक फेरे के लिये किया जायेगा।

### होली पर ट्रेन के फेरे बढ़ेगें

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09195/09196 बड़ोदरा-मऊ-बड़ोदरा होली सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन वड़ोदरा से 23 एवं 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार को तथा मऊ से 24 एवं 31 मार्च, दिन रविवार को 02 फेरों के लिये किया जायेगा।

### 19 से बलसाड से विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09061/09062 वलसाड-बरौनी-वलसाड होली विशेष गाड़ी का संचलन बलसाड से 19 मार्च, 2024 दिन मंगलवार को तथा बरौनी से 21 मार्च, 2024 दिन वृहस्पतिवार को एक फेरे के लिये किया जायेगा।

### ठहराव के समय में परिवर्तन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु विभिन्न एक्सप्रेस गाडियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव बस्ती एवं गौड़ स्टेशनों पर निम्नवत प्रदान किया जायेगा है तथा 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस के गौड़ स्टेशन पर ठहराव के उपरान्त बभनान, मसकनवा एवं मनकापुर स्टेशनों के ठहराव समय में परिवर्तन किया गया है।

### दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु विभिन्न एक्सप्रेस गाडियों का प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव उत्तर मध्य रेलवे के उरई एवं पोखरायां स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा है।

### कन्नौज स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 12320/12319 ग्वालियर-कोलकाता-ग्वालियर एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव पूर्वोत्तर रेलवे के कन्नौज स्टेशन पर प्रदान किया गया है।

